हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 25 जून, 2025

11 निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान में पोलिंग पार्टियों की भूमिका...



11 कुम्हारियां में हुई शादी बनी चर्चा का विषय, तीन गांवों से आए...



**खबर संक्षेप**

### ज्वेलरी शॉप से चोरी के मामले में नाबालिग काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद शहर में गत दिवस एक ज्वैलरी शॉप में हुई चोरी के मामले का पर्दाफाश करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक नाबालिग युवक को काबू करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उप निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 23 जून को केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 22-23 जून की रात को श्री राम ज्वेलर्स से चोरों ने लगभग 4 किलोग्राम चांदी, लगभग 8-10 ग्राम वजन के पुराने सोने के कोके तथा 25 हजार नकद चोरी कर ली।

### कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा आज फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा 25 जून को बाद दोपहर 1 बजे स्थानीय भूना रोड पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरु दक्ष प्रजापति (कुम्हार) समाज के प्रतिनिधियों व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक करेंगे। इसके उपरांत वे 2 बजे एक पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त मनदीप कौर ने दी।

### जमानत उल्लंघन करने वाले आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** अपराध मुक्त अभियान के तहत पीओ स्टाफ फतेहाबाद की टीम ने अदालत द्वारा घोषित एक जमानत उल्लंघनकर्ता आरोपी को काबू कर लिया है। पीओ स्टाफ प्रभारी निरीक्षक कुलबीर सिंह ने बताया कि अभियोग संख्या 378/2019, थाना सिटी टोहाना के अंतर्गत दर्ज मामले में नामजद आरोपी रवि उर्फ कोयल पुत्र कर्मवीर, निवासी बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना हाल आबादी पटियाला चौक, जींद को पूर्व में न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा किया गया था।

### लव मैरिज के बाद विवाहिता लापता

**फतेहाबाद।** लव मैरिज करने के बाद विवाहिता शादी के एक महीने बाद ही घर से बिना बताए कहीं चली गई। जाते समय साथ में चांदी के जेवर और 10 हजार रुपए भी ले गई। सारी रिश्तेदारियों में पता करने पर भी कोई सुराग नहीं लगा है। आखिरकार महिला के पति ने पुलिस को शिकायत देकर पत्नी को ढूंढने की गुहार लगाई है। भूना थाना पुलिस ने फिलहाल गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आईआईटी की मांग को लेकर पीएम को भेजा पत्र

**सिरसा।** पर्यावरण प्रेरणा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश गोयल की अध्यक्षता में मंगलवार को सिरसा यूनिट की एक बैठक हुई, जिसमें हरियाणा में सरकार की ओर से प्रस्तावित आईआईटी की स्थापना सिरसा जिला में कराने के लिए केंद्र व राज्य सरकार से आग्रह किया गया। संस्था की ओर से मांग की गई है कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए जिला में आईआईटी की स्थापना की जाए ताकि यह क्षेत्र भी विकसित हो सके।

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक किया गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव हैबुआना क्षेत्र से एक युवक को 6.27 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव हैबूआना की ओर जा रहे थी। गांव हैबूआना की ओर से एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने से आ रही पुलिस पार्टी की गाड़ी को देखकर एकदम से वापस मुड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 6.27 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### बराबर मत मिलने पर पर्ची से किया फैसला, किस्मत ने दिया साथ

# जगतार सिंह फिर बने जाखल ब्लाक समिति के प्रधान, मीनू कम्बोज बनीं उपप्रधान

जाखल ब्लाक समिति के प्रधान और उपप्रधान के चुनाव को लेकर बीडीपीओ कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले की जाखल ब्लाक समिति के प्रधान और उपप्रधान के चुनाव को लेकर मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप कुमार ने की। इस चुनाव में खास बात यह रही कि कुछ दिन पहले ही अविश्वास प्रस्ताव लाकर जिन्हें हटाया गया था, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर दोनों वही सदस्य निर्वाचित हुए। इस बार दोनों पदों के लिए वोटिंग हुई तो दोनों पक्षों को बराबर वोट मिले। इसके बाद सभी उम्मीदवारों की सहमति से पर्ची डाली गई, जिसमें पूर्व पदाधिकारियों ने फिर से बाजी मार ली। जाखल बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को ब्लॉक समिति के प्रधान व उपप्रधान पद के लिए चुनाव हुआ। प्रधान पद के लिए वार्ड नंबर तीन से सदस्य सुखतिंद्र और पूर्व प्रधान जगतार सिंह ने आवेदन किया। चुनाव प्रक्रिया से दोनों उम्मीदवारों को 5-5 मत मिले। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड नं 2 से सदस्य सर्वजीत कौर और पूर्व उपाध्यक्ष मीनू कंबोज ने आवेदन किया और चुनाव में दोनों को एक समान मत हासिल हुए। इसके बाद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के सभी उम्मीदवारों की सहमति से प्रधान और उपप्रधान पद के लिए पर्ची डाली गई। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली के समर्थक है और जीत के बाद दोनों ने पूर्व मंत्री से भी मुलाकात की। पर्ची से जगतार सिंह फिर से ब्लॉक समिति के प्रधान बन गए, वहीं पर्ची से उपाध्यक्ष की कुर्सी मीनू कंबोज को ही मिली। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी विकास लांग्या, ग्राम सचिव रमेश सैनी और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।





**फतेहाबाद।** ब्लाक समिति जाखल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर हुई बैठक में मौजूद अधिकारी व जीत के बाद समर्थकों सहित विजय चिन्ह बनाते ब्लाक समिति जाखल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष। *फोटो : हरिभूमि*

#### पूर्व मंत्री बबली से मिले अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

जाखल में ब्लॉक समिति के फिर से अध्यक्ष बने जगतार सिंह व उपाध्यक्ष बनी मीनू कंबोज ने पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली के आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मंत्री ने दोनों पदाधिकारियों के दोबारा नियुक्त होने पर बधाई दी तथा बिना भेदभाव के विकास कार्य कराने की अपील की है। पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा कि ब्लॉक समिति सदस्यों ने जो जिम्मेदारी दी गई है उसका ईमानदारी से निर्वाहन करे तथा विकास कार्यों में कमी न आने दे। बबली ने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं है, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य करवाए जा रहे है।

#### विरोधियों ने लगाए आरोप

चुनाव हारने वाले उम्मीदवार सुखविंदर सिंह और सरबजीत कौर ने आरोप लगाया कि उनके दो समर्थक सदस्यों को लाखों रुपये देकर खरीदा गया और उन्हें दबाव में वोट डलवाया गया। उनका कहना है कि उनके पास इसके पक्के सबूत हैं, जिन्हें वे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे।

#### नवनिर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने कहा

जाखल ब्लाक समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगतार सिंह और उपाध्यक्ष मीनू कंबोज ने इसे सच्चाई की जीत बताया। उन्होंने कहा कि वह सभी वार्डों में बिना भेदभाव के काम करवाएंगे और पहले से भी बेहतर विकास करेंगे। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों को झूठा और राजनीति से प्रेरित बताया।

#### यह है मामला

बता दें कि 23 मई को 10 में से 7 सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया था। इसके चलते 3 जून को उन्हें पद से हटा दिया गया था। 16 जून को चुनाव होना था, लेकिन सदस्यों की कमी के कारण टाल दिया गया। फिर 24 जून को सभी 10 सदस्य पहुंचे और चुनाव संपन्न हुआ।

#### चुनाव को लेकर किए सुरक्षा के कड़े प्रबंध

ब्लाक समिति प्रधान व उपप्रधान चुनाव को चुनाव बीडीपीओ कार्यालय के बाहर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। पुलिस की तीन टुकडियों सहित जाखल के थाना प्रभारी कुलदीप सिंह सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे थे। दोपहर 12 बजे से पहले पंचायत समिति के सभी 10 सदस्य बीडीपीओ कार्यालय में पहुंच गए थे। इसके बाद डीडीपीओ अनूप कुमार के नेतृत्व में करीब साढ़े 12 बजे ब्लॉक समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। ब्लॉक समिति के सभी 10 सदस्यों ने चुनाव में भाग लिया। ब्लॉक समिति प्रधान और उपप्रधान के लिए चुनाव ईवीएम से कराया गया। इसके बाद मतों की गणना की गई। प्रधान पद के लिए वार्ड नं 3 से उम्मीदवार सुखतिंद्र सिंह को 5 और पूर्व प्रधान जगतार सिंह को भी 5 वोट मिले। इसी तरह उपप्रधान के दोनों उम्मीदवारों को भी 5-5 मत हासिल हुए। दोनों पदों पर मतों की संख्या बराबर रहने पर दोनों पदों के उम्मीदवार प्रधान और उपप्रधान पद के लिए पर्ची डालने पर सहमत हुए। इसके बाद एक बक्से में दोनों के नाम की पर्ची डाली गई। प्रशासन द्वारा सभी उम्मीदवारों की आपसी सहमति से बक्से से पर्ची उठवाई। पर्ची पर प्रधान पद के लिए जगतार सिंह का नाम लिखा हुआ था, जबकि उपप्रधान के लिए मीनू कंबोज का नाम था।

### पुलिस ने पकड़ा नशीली गोलियों का जखीरा

**डबवाली।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान मंगलवार को सिरसा जिला के कालांवाली कस्बे में पुलिस ने एक मेडिकल स्टोर से बड़ी मात्रा में नशे में प्रयुक्त होने वाली नशीली गोलियों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने मेडिकल संचालक को नोटिस जारी किया है। डबवाली की एसपी निकिता खट्टर ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के तहत जहां नशा तस्करों की धरपकड़ की जा रही है वहीं आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है। पुलिस पंजाब की सीमा से सटे डबवाली को नशा मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने अब तक की मेडिकल नशे के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडी कालांवाली में स्थित दशमेश फार्मेसी नाम के मेडिकल स्टोर से करीब सवा लाख नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक गाड़ी में भारी मात्रा में मेडिकल नशा मंडी कालांवाली में किसी मेडिकल में सप्लाई किया जाना है। जिस पर पुलिस टीम ने गाड़ी का पीछा करते हुए मंडी कालांवाली स्थित दशमेश फार्मेसी नाम के मेडिकल स्टोर पर रेड की तो वहां पर कार सवार लोग दवाइयों के कार्टून उतार रहे थे। पुलिस ने ड्रग विभाग को सूचित कर दिया। ड्रग विभाग की मौजूदगी में कार्टूनों की तलाशी ली गई तो उनमें नशीली गोलियां व कप्सूल भरे हुए थे। उन्होंने बताया कि बरामद की गई नशीली दवा ड्रग इंस्पेक्टर के हवाले कर दी गई है और मेडिकल संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

## 10 ड्रंक एंड ड्राइव के काटे चालान

- जिले में मनचलों पर पुलिस की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद की यातायात पुलिस जिलेभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों, विशेष रूप से नशे में वाहन चलाने वालों और मनचलों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चला रही है। आमजन की सुरक्षा एवं सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से यातायात पुलिस हर समय अलर्ट मोड में कार्य कर रही है। यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि हाल ही में शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों और स्कूल-कॉलेजों के आसपास विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत कई दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में 10 ड्रंक एंड ड्राइव के चालान किए गए, और कुछ वाहनों को जब्त भी किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल एक गंभीर कानून अपराध है, बल्कि यह आम नागरिकों की जान को भी खतरे में डालता है। ऐसे में इस प्रकार की लापरवाही बरतने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



**फतेहाबाद।** वाहनों की जांच करते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

## पूर्व सरपंच के बेटे की कोठी पर चला बुलडोजर

- जोहड़ की जमीन पर किया था कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

दहमान गांव में पंचायती जोहड़ की जमीन पर बनी दो मंजिला कोठी को प्रशासन ने हाई कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को गिरा दिया। यह कोठी पूर्व सरपंच चांदकौर के बेटे राजकुमार दहिया ने बनाई थी। कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट सोमेश विशिष्ठ की निगरानी में हुई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। राजस्व विभाग के कानूनगो करनैल सिंह, पटवारी सुरेश कुमार, ग्राम सचिव जगन सिंह मेडल, सरपंच गीता रानी यादव और एडिशनल एसएचओ रविंद्र कुमार बिश्नोई भी मौजूद रहे। बता दें कि यह कोठी खसरा नंबर 146 की एक कनाल 14 मरले पंचायती जमीन पर बनी थी। वर्ष 2015 में बलजीत सिंह ने बीडीपीओ भूना को इसकी शिकायत दी थी। कार्रवाई न होने पर बलजीत सिंह ने डीडीपीओ की कोर्ट में जनहित याचिका दायर की। जांच में कब्जा सही पाया गया। इसके बाद मामला डीसी और कमिश्नर कोर्ट होते हुए हाई कोर्ट पहुंचा। हाई कोर्ट ने एसडीएम फतेहाबाद को दोबारा निशानदेही के आदेश दिए। एसडीएम की रिपोर्ट के बाद मामला फिर डीडीपीओ कोर्ट में गया। वहां भी राजकुमार दहिया का कब्जा पाया गया। हाई कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार पंचायती राज और राजस्व विभाग को कब्जा हटाने की जिम्मेदारी दी गई। पंचायत ने तीन बार नोटिस दिए। प्रशासनिक स्तर पर समय सीमा तय की गई। मंगलवार को प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। कब्जाधारी राजकुमार दहिया ने बताया कि उन्होंने खुद ही मकान हटाने की कोशिश की थी, लेकिन चारदीवारी और कुछ मकान मौके पर थे, जिन्हें बुलडोजर से गिराया गया।



**भूना।** जोहड़ की जमीन पर बुलडोजर चलाकर अवैध इमारत की चार दिवारी गिरते हुए।

#### शांतिपूर्वक हुई कार्रवाई

ड्यूटी मजिस्ट्रेट सोमेश विशिष्ठ ने बताया कि कार्रवाई शांतिपूर्वक हुई। पंचायती जोहड़ की जमीन अब पंचायत के कब्जे में है। उधर, राजकुमार दहिया ने कहा कि गांव में जोहड़ की जमीन पर और भी लोगों के मकान बने हैं। अब वे भी पंचायत की जमीन से सभी कब्जे हटवाने के लिए कदम उठाएंगे।



**फतेहाबाद।** ऑपरेशन आक्रमण के तहत अपराधियों की धरपकड़ में जुटी पुलिस टीम।

## पुलिस ने 6 घंटे में 32 लोगों को किया गिरफ्तार

- ऑपरेशन आक्रमण अभियान के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशों के तहत अपराध, नशा और गैरकानूनी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए जिला पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन आक्रमण' अभियान चलाया गया। इस विशेष कार्रवाई के दौरान फतेहाबाद पुलिस ने जिलेभर में बड़ी कार्यवाही करते हुए 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस ऑपरेशन में कुल 38 टीमों में 390 पुलिस जवानों ने भाग लिया। शहर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर नाकाबंदी, रेड और सघन चेकिंग की गई। यह अभियान सुबह 6 बजे शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चला। पुलिस ने राजस्थान और पंजाब से लगते सीमावर्ती क्षेत्रों में आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की बारीकी से तलाशी ली। मादक पदार्थ तस्करों और अवैध हथियार रखने वालों के ठिकानों पर भी विशेष छापेमारी की गई। इस अभियान के तहत आबकारी अधिनियम के 6 मामले दर्ज कर 7 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 60 बोतल देसी शराब व 640 लीटर लाहण बरामद हुआ। एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज कर 3 लोगों को काबू किया। इनके पास से 5.5 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। मोटर वाहन अधिनियम के तहत लाइन चेंजिंग आदि के 40 चालान तथा एमवी एक्ट के तहत 85 चालान किए गए।

## एसआईटी गठित न की तो फूकेंगे प्रशासन का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

नगरपरिषद में भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर धरने पर बैठे पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में एसआईटी गठित करके भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच शुरू न की तो नगरपरिषद के गेट पर प्रशासन का पुतला फूंकेंगे, फिर भी कोई कार्रवाई न हुई तो प्रशासन की शव यात्रा निकालेंगे। सुशील सैनी ने कहा कि नगरपरिषद के अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है और इस घपले में स्थानीय भाजपा नेता का भी हाथ है। उन्होंने कहा कि आगामी बुधवार को वे नगरपरिषद के घोटालों को लेकर बड़ा खुलासा करेंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि नगरपरिषद के पांच साल का हिसाब किताब खंगाला जाए ताकि भ्रष्टाचार का पता चल सके। इस मौके पर सुरजीत सिंह गोगी, अमरीक सिंह मीका, लखबीर सिंह, सोनू, हरीश अरोड़ा आदि रहे।



**सिरसा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे पूर्व पार्षद व अन्य।

## सीआईए फतेहाबाद ने 66 किलो डोडा पोस्त मामले में दूसरे आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद को सफलता मिली है। पुलिस ने 66 किलो डोडा पोस्त की बरामदगी से जुड़े मामले में दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रणजीत सिंह उर्फ जोगी पुत्र दीदार सिंह निवासी गांव भरवाड़ी, जिला अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 10 हजार 500 रुपये नकद व एक कार भी बरामद की गई है। इस मामले में पुलिस पहले ही एक अन्य आरोपी सुभाष चंद पुत्र अशोक कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक यादविंदर सिंह ने बताया कि एएसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में सीआईए टीम गश्त पर थी, जब टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव हंसनगा में एक व्यक्ति भारी मात्रा में डोडा पोस्त से भरी कार के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक से पूछताछ की और कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान 66 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना भुना में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### फतेहाबादवासी अभी भी बौछारों के इंतजार में, उमस ने किया बेहाल

# उत्तर हरियाणा में मानसून ने किया प्रवेश

- अधिकतम तापमान 36 तो न्यूनतम तापमान 29 रहा, नमी की मात्रा 65 तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पिछले दो दिनों से प्रदेश के अनेक जिलों में प्री मानसून की बरसात हुई है। एक-दो क्षेत्रों को छोडक़र फतेहाबादवासी बौछारों की इंतजार में मायूस हैं। मंगलवार को तेज धूप और उमस से लोग बेहाल दिखाई दिए। इन दिनों यहां का तापमान 36 से 38 डिग्री के पास घूम रहा है जबकि मानसून आने की खबरों के बीच उमस ने भी लोगों को पसीने से भिगोना शुरू कर दिया है। हालात यह है कि लोग धूप व पसीना दोनों से परेशान हैं। एक ओर गर्मी से लोग परेशान हैं वहीं बिजली के घंटों लग रहे कटों ने उनकी परेशानियों को ओर बढ़ा दिया है। मंगलवार को यहां मौसम में नमी की मात्रा 65 फीसदी रही।



**फतेहाबाद।** शहर में हुई हलका बूंदाबांदी। *फोटो : हरिभूमि*

#### आज तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना


मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हरियाणा में मानसून प्रवेश कर चुका है। उत्तर हरियाणा मानसून से भीग चुका है, बरहाल, फतेहाबाद जिला अभी मानसूनी बारिश से वंचित है। अनुमान है कि एएक-दो दिनों में फतेहाबाद में अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 25 जून के दौरान तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश की भी संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसूनी हवाएं इस बार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों तरफ से आ रही हैं, जिससे अच्छी बारिश की उम्मीद बढ़ गई है। जब दोनों दिशाओं से नमी भरी हवाएं टकराती हैं, तो कई बार भारी बारिश भी होती है। यूपी की ओर से हरियाणा में मानसून की एंट्री हो गई है। खासकर प्रदेश के उत्तर और पूर्वी हिस्सों में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की हवाएं टकराने से बारिश हो भी रही है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार मानसून की रफ्तार काफी तेज है और यह तय तारीख से पहले भी हरियाणा पहुंचा है। आमतौर पर मानसून 7 जुलाई तक पूरे देश में पहुंचता है, लेकिन इस बार जून में ही इसकी स्पीड काफी अच्छी है जिस कारण इसके समय से पहले पहुंचने की संभावना जताई गई थी।



# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

लाइफ Style



# सारा

## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'

हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

टीवी मसाला




# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉड्र्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉड्र्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।




# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।



### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया । वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार

*नई दिल्ली। 'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*



**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

***इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव :*** *रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*

**खबर संक्षेप**

### हेमंत गुप्ता बने शहरी युवा प्रधान

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल ने हेमंत गुप्ता को युवा प्रधान पद पर नियुक्त किया है। नियुक्ति पर हेमंत गुप्ता ने हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष बजरंग दास गर्ग, युवा प्रदेश प्रभारी राहुल गर्ग, प्रदेश महासचिव एवं जिलाध्यक्ष हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल हीरा लाल शर्मा व शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी संगठन की ओर से सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे सदैव व्यापारी हित को सर्वोपरि मानते हुए संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी दबोचा

**रानियां।** पुलिस ने गश्त के दौरान हेफैड कॉलोनी रानियां क्षेत्र से एक युवक को चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि हेफैड कॉलोनी रानियां के पास एक संदिग्ध युवक चोरीशुदा बाइक सहित पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान रेलु राम पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी जोधपुरिया के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह मोटरसाइकिल गांव दारेवाला के खेतों की ढाणी से चोरी किया था। थाना रानियां पुलिस द्वारा आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हासत मे भेज दिया गया है।

### आईआईटी की स्थापना को लेकर भेजा प्रस्ताव

**सिरसा।** जिला में आईआईटी की स्थापना की मांग को लेकर ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक पेंशनर एसोसिएशन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को आईआईटी स्थापना को लेकर प्रस्ताव भेजा है। प्रधान डीआर खुराना, सचिव ओपी कथूरिया, खचांजी एसपी ग्रोवर ने संयुक्त रूप से कहा कि सिरसा भारत सरकार की ओर से हरियाणा में भारतीय प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान स्थापना की जानी है। यह शिक्षण संस्थान हरियाणा को एक नई बुलंदी प्रदान करेगा। जिला सिरसा हरियाणा की त्रिवेणी है, यहां पर राजस्थान पंजाब और हरियाणा तीनों राज्यों की संस्कृति का समावेश है, यदि संस्थान सिरसा में स्थापित होता है तो तीनों राज्यों के युवा लाभांवित होंगे।

## कालांवाली नगरपालिका चुनाव: पोलिंग पार्टियों को दी गई ट्रेनिंग

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान में पोलिंग पार्टियों की भूमिका अहमः मोहित कुमार

- 29 जून को होगी मतदान की प्रक्रिया व 30 को किया जाएगा मतगणना कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नगरपालिका कालांवाली के आम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए मंगलवार को सीडीएलयू में पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार रानियां शुभम शर्मा व नायब तहसीलदार कर्मपाल सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान मास्टर ट्रेनर प्रेम कुमार ने सभी पीठासीन अधिकारी एवं पोलिंग पार्टियों को उनके प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के संचालन के बारे में भी बताया गया व उन्हें मौके पर ही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गईं। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान पीठासीन अधिकारी एवं पोलिंग पार्टियां व सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव करवाने में पोलिंग पार्टी की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। इसलिए वे मतदान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें और सभी नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें।



**सिरसा।** पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

उन्होंने बताया कि 29 जून को कालांवाली नगरपालिका चुनाव की मतदान प्रक्रिया होगी, 30 जून को मतगणना का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आती है तो उसे अपने स्तर पर हल करें, यदि समाधान नहीं होता तो उच्च अधिकारियों को संपर्क करें। मास्टर ट्रेनर प्रेम कुमार ने अधिकारियों को मतदान केंद्र की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट वीवीपैट यूनिट की जांच, मॉक पोल, मतदान सामग्री प्राप्त करना, मिलान करना व मतदान सामग्री की जांच करने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कर्मियों को सामग्री प्राप्त करने में बरतने वाली सावधानियां, बूथ पर बैठने की व्यवस्था, मतदान की प्रक्रिया, सील करने की प्रक्रिया, सभी तरह के मतदान में प्रयुक्त, पेपर सील करने का तरीका, पीओ के कार्य दायित्व के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में अपनाए जाने वाले सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी।



**टोहाना।** बैठक में मौजूद एसएमओ डॉ कुणाल व मंगलामुखी। *फोटो : हरिभूमि*

## बेटा-बेटी में न करें भेद

# समाज में संतुलन और अपराध में आएगी कमी : रीना महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. कुणाल वर्मा की अध्यक्षता में शहर के मंगलामुखी समाज ने बैठक की। इस बैठक में मंगलामुखी समाज की प्रमुख रीना महंत के निर्देशानुसार सदस्य माही व दीपिका आदि उपस्थित रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त बनाना, भ्रूण हत्या की रोकथाम और लिंगानुपात में सुधार के लिए सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, निशुल्क सेवाएं और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय रहते पहचान के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मंगलामुखी समाज से आग्रह किया गया कि वे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और गर्भवती महिलाओं के बीच संपर्क सूत्र के रूप में कार्य करें, ताकि योजनाओं का लाभ सही समय पर अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाओं तक पहुंच सके। मंगलामुखी समाज की गुरु रीना ने अपील करते हुए कहा कि समाज में बेटा जितना जरूरी है, उससे अधिक जरूरी बेटी है। यदि बेटियां नहीं होंगी तो बेटे कहां से आएंगे। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या को समाज के लिए अभिशाप बताया और कहा कि इसी कारण कई परिवारों को दूसरे राज्यों से बहुएं लानी पड़ रही हैं।

# बिजली के बढ़े रेट वापस ले सरकार : विष्णुदत्त

## भट्टूकलां में किसान सभा की बैठक, रोहताश बने प्रधान

- किसानो की बढ़ती समस्याओं पर विस्तार से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

अखिल भारतीय किसान सभा, भट्टूकलां की मीटिंग किसान नेता सुरेश कुमार सांई की अध्यक्षता में गांव की धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में विशेष तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त व तहसील प्रधान मास्टर हनुमान सिंह बेनिवाल ने हिस्सा लिया। आज की मीटिंग में लगातार किसानों पर बढ़ते आर्थिक हमले और किसानो की बढ़ती समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई वहीं प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के रेटों में की गई बढ़ोतरी की कड़े शब्दों में निंदा कर इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। किसान नेता विष्णुदत्त व हनुमान सिंह बेनिवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार किसान विरोधी फैसले लेकर खेती को बर्बाद करने पर तुली हुई है। हाल ही में बिजली के



रेटों में अनाप-शनाप वृद्धि करके किसानों व आम जनता को लूटा जा रहा है। किसान सभा बिजली रेटों में बढ़ोतरी की कड़े शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है कि बढ़े हुए रेटों को तुरंत वापस लिया जाए। इसके अलावा किसान सभा ने जलभराव से नरमा-कपास की खराब हुई फसल का बीमा क्लेम का मुआवजा तुरंत दिया जाए। किसानों को जरूत के अनुसार डीएपी और यूरिया खाद का तुरंत प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया तो किसान सभा आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होगी। बैठक में 19 सदस्यीय नई ग्राम कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें रोहताश डूडी को प्रधान और ओमप्रकाश भाखर को सचिव चुना गया। इसके अलावा राजेश कुमार भाम्भू को कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार सांई व राजेश कुमार माचरा को उपप्रधान, मुनीष कुमार को सहसचिव नियुक्त किया गया।

### सरपंच सुरेन्द्र सुथार बिज्जुवाली ने राहुल गांधी से मुलाकात की

डबवाली। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष, कांग्रेस प्रवक्ता व बिज्जुवाली सरपंच सुरेंद्र सुथार ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। यह जानकारी देते हुए सरपंच सुरेन्द्र सुथार ने बताया कि विश्वकर्मा, सुथार, जांगिड़, समाज के एक प्रतिनिधि मंडल का कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का एक सार्थक संवाद हुआ। राहुल गांधी ने विश्वकर्मा, जांगिड़, समाज का उनकी मेहनत और कौशल का समाज निर्माण में योगदान को अतुलय बताते हुए आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी के संगठन निर्माण में व टिकिट वितरण में उचित प्रतिनित्व देने सहित विश्वकर्मा, सुथार,जांगिड़ समाज को उनके हुनर का हक़ दिलाने और समृद्धि के अवसरों के नए दरवाज़े खोलने की मुहिम में हमेशा उनका साथ देने का वायदा किया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू, विश्वकर्मा, सुथार, जांगिड़ महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा, हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य तेलूराम जांगड़ा, सरपंच कुलवंत सुथार फतेहपुरिया, समाज की महिला प्रधान गीता ड्रोलिया सहित विश्वकर्मा, सुथार, जांगिड़ समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# इग्नु में जुलाई सत्र के लिए दाखिले की अंतिम तिथि 15 जुलाई : डॉ. धर्मपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

इग्नु में जुलाई सत्र में दाखिला की प्रक्रिया अभी चल रही है। इग्नू से विभिन्न तरह के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में दाखिले की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। यह जानकारी देते हुए इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते नियमित कॉलेज या विश्वविद्यालय में दाखिला नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और



डॉ. धर्मपाल।

- नौकरीपेशा लोगों और घर बैठे शिक्षा लेने वालों के लिए इग्नू उपयुक्त माध्यम

विश्वविद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसानी से इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। नौकरी पेशा वाले लोग भी आसानी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है।

डॉ. धर्मपाल ने बताया की विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इग्नू स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है। स्नातक पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों का मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास या समकक्ष होना आवश्यक है जबकि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए भारत की सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात केंद्रीय विश्वविद्यालय है इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में दाखिले के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए। जुलाई 2025 सत्र की दाखिला प्रक्रिया अभी चल रही है। इग्नू से विभिन्न तरह के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है। इग्नू के सभी पाठ्यक्रमों की सूची एवं जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 15 जुलाई है।

# सरकारी विभागों में 10% लगेंगे प्रशिक्षु नये अप्रेंटिस के लिए शेड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा द्वारा नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम यानि एनएपीएस के अंतर्गत वर्ष 2025 में नये अप्रेंटिस लगाने हेतू तृतीय चरण का शैड्यूल जारी किया गया है, जिसके अनुसार सभी विभाग व प्रतिष्ठान अपने कार्यालय में कुल कार्यरत स्टाफ रेगुलर व कॉन्ट्रैक्ट का 10 प्रतिशत तक प्रशिक्षु लगाना अनिवार्य है। इस संबंध में उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला फतेहाबाद स्थित विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने कार्यालय में रिक्त सीटों पर कुल स्टाफ का 10 प्रतिशत शिक्षु लगाने



जिला उपायुक्त मनदीप कौर।

की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षुओं को लगाने और उनकी ट्रेनिंग के लिए अप्रेंटिसशिप एक्ट, 1961 व अप्रेंटिसशिप रूल्स, 1992 में दिए गए प्रावधानों का सख्ती से पालना की जाए। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि फेज-1 के लिए 4 जुलाई तक पोर्टल पर सीटों का क्रिएशन/अपडेशन किया जाएगा, 15 जुलाई तक अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। 23 जुलाई तक पोर्टल पर अभ्यर्थियों के चयन, अप्रूव तथा अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग कॉन्ट्रैक्ट जनरेट किया जाएगा तथा 28 जुलाई तक अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए अभ्यर्थियों को ज्वाइन करवाया जाएगा। फेज-2 के लिए 4 अगस्त तक पोर्टल पर सीटों का क्रिएशन/अपडेशन किया जाएगा, 14 अगस्त तक अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। 22 अगस्त तक पोर्टल पर अभ्यर्थियों के चयन, अप्रूव तथा अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग कॉन्ट्रैक्ट जनरेट किया जाएगा तथा 28 अगस्त तक अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए अभ्यर्थियों को ज्वाइन करवाया जाएगा।



**फतेहाबाद।** दुकान में जांच पड़ताल करते सीएम फ्लाइंग टीम के अधिकारी।

### फतेहाबाद में गेरा मेडिसन सेन्टर पर सीएम फ्लाइंग का छापा

**फतेहाबाद।** मुख्यमंत्री उडन दस्ता हिसार की टीम ने मंगलवार को फतेहाबाद में चार मरला कालोनी स्थित गेरा मेडिसन सेन्टर पर छापेमारी की। इस दौरान मेडिकल स्टोर पर दवाइयों के रिकॉर्ड को जांचा गया। हालांकि, मेडिकल स्टोर पर कोई नशीली दवाई या नशीला पदार्थ तो नहीं मिला। मगर बिलों में त्रुटियां पाई गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम को उक्त दुकान में नशीली दवाईयां रखने बारे सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद एसआई जितेन्द्र, एएसआई सुरेन्द्र सिंह मुख्यमन्त्री उडन दस्ता हिसार द्वारा ड्रग कंट्रोल ऑफिसर फतेहाबाद दिनेश कुमार व नोडल डॉ. निरपाल चन्द को साथ लेकर चार मरला कालोनी, सैन्ट्रल बैंक वाली गली में स्थित गेरा मेडिसन सेन्टर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकान मालिक अनिल मौके पर मौजूद मिला। निरीक्षण के दुकान तथा दुकान के ऊपर बने कमरे में कोई नशीली दवाई व नशीला पदार्थ नहीं मिला। उक्त दवाईयों की दुकान का लाइसेंस वैध मिला। ड्रग कन्ट्रोल ऑफिसर ने मौके पर निरिक्षण रिपोर्ट तैयार की, जिसमे पाई गई त्रुटियां नोट की गई। जैसे कि सेल बिल सही नहीं थे और कानून के अनुसार नहीं पाए गए।

# गोशाला चुनावी रंजिश में प्रधान के बेटे पर हमला, 11 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

श्रीकृष्ण गोशाला सेवा समिति, नाढोड़ी के चुनावी विवाद में नव निर्वाचित प्रधान फकीरचंद गोदारा के बेटे विष्णु गोदारा पर हमला हुआ। घायल विष्णु की शिकायत पर पुलिस ने 11 नामजद और 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। मंगलवार को पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से सभी को जमानत मिल गई।

घटना 22 जून रविवार की है। उस दिन शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव हुआ। मतदान के बाद तुरंत मतगणना कर परिणाम घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी विकास बंसल ने फकीरचंद गोदारा पुत्र भजनलाल को प्रधान पद पर विजेता घोषित किया। उन्हें 34 वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी फकीरचंद गोदारा पुत्र रामप्रताप को 19 वोट मिले। मतगणना के दौरान गोशाला परिसर में दोनों पक्षों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। चुनाव परिणाम के बाद विष्णु गोदारा बोलेरो कैंपर गाड़ी से घर लौट रहे थे। तभी गोशाला गेट के बाहर कुछ लोगों ने ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। गाड़ी के शीशे टूट गए। एक ईंट विष्णु की कनपटी पर लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

विष्णु ने आरोप लगाया कि हमला नाढोड़ी निवासी फकीरचंद गोदारा उर्फ पप्पू, विनोद कुमार, आत्माराम, केसरा राम, पृथ्वी सिंह, राजिंद्र उर्फ राजकुमार, सोनू कुमार, जॉनी उर्फ जय सिंह, प्रमोद गोदारा, सुखविंदर सिंह मंघेड़ा, मनजीत सिंह ढाणी डूल्ट और 5-6 अज्ञात लोगों ने किया।पुलिस जांच अधिकारी ज्योति प्रसाद ने बताया कि 23 जून को घायल के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई। मंगलवार को 11 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### ढाणी गोपाल के तीन पहलवानों ने जीते ब्रॉन्ज मेडल

भूना। पंचकूला में हुई तीन दिवसीय अखाड़ा स्टेट चैंपियनशिप में ढाणी गोपाल के श्री बजरंगबली कुश्ती अखाड़ा के तीन पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। सुमित ने 45 किलोग्राम, रमन कुमार ने 48 किलोग्राम और रोहित कुमार ने 51 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीते। तीनों ने ढाणी गोपाल गांव और जिले का नाम रोशन किया। कोच गोविंद के मार्गदर्शन में पहलवानों ने दमदार कुश्ती लड़ी। आखिरी मुकाबलों में मामूली अंतर से गोल्ड और सिल्वर मेडल से चूक गए। ढाणी गोपाल की सरपंच रेशमा गोदारा, सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार गोदारा, बलवीर सिंह गोदारा, नंबरदार जगदीश फगेड़िया, सुरेंद्र खीचड़, रामभगत ढाका, पूर्व सरपंच हनुमान सिंह पूनिया, सुभाष चंद्र, धर्मबीर सिंह और त्रिलोकी राम ने पहलवानों व कोच गोविंद को बधाई दी।

## गांव खाजाखेड़ा में किसान गोष्ठी का आयोजन

# ग्वार बिजाई का अब सबसे उपयुक्त समयः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला के गांव खाजाखेड़ा में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्वार विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव ने बताया कि ग्वार की बिजाई के लिए जून माह का दूसरा पखवाड़ा सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने बताया कि जिस किसान के पास नहर का पानी उपलब्ध था वह अपने खेतों में जून के पहले पखवाड़े में पानी लगाकर कुछ बिजाई कर चुके हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि जब भी बारिश आए तो किसान अपनी बची हुई बिजाई पूरी कर लें। उन्होंने बताया कि बिजाई के लिए बाजार में उपलब्ध उन्नत किस्मों को ही चुनना चाहिए। उन्होंने बताया कि ग्वार फसल में जडग़लन रोग की रोकथाम ही एक मात्र समाधान है। उन्होंने किसानों को बताया कि जडग़लन



**सिरसा।** गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते डॉ. बीडी यादव। *फोटो : हरिभूमि*

रोग के लिए सुखा बीज उपचार करना फायदेमंद, सस्ता व सरल उपाय है, जिसको गरीब से गरीब किसान भी कर सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि ग्वार की खड़ी फसल में चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार के रोकथाम के किसी भी अनावश्यक खरपतवार नाशक दवा का प्रयोग न करें। उन्होंने किसानों को आगाह किया कि ट्यूबवेल का खारी व तेलिया पानी का बिजाई के लिए तथा बाद में खड़ी फसल में कदापि इस्तेमाल न करें, इससे जमीन का मुंह बंद हो जाता है तथा पौधे की बढ़वार रूक जाती है। इस अवसर पर डॉ. जगदेव सिंह ने किसानों को अपने खेत की मिट्टी की जांच करवा कर ही बिजाई करने की सलाह दी। इसके साथ-साथ उन्होंने अपने खेतों में बिजाई के समय गोबर की तैयार खाद डालने पर विशेष जोर दिया और किसानों से आह्वान किया।

**पहल** तीन अलग-अलग गांवों से आए लोगों ने भरा भात

# कुम्हारियां में हुई शादी बनी चर्चा का विषय

- लीलू राम की पत्नी रोशनी देवी का नहीं था कोई सगा भाई, रस्म को लेकर थी चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

हमारे समाज में समाज में कुछ जातियां ऐसी भी होती हैं, जैसे भोपा, भाट, नट, इत्यादि जिनका कोई स्थायी ठिकाना नहीं होता। ये लोग एक गांव से दूसरे गांव जाकर जीवन यापन करते हैं। इन्हीं में से एक लीलू राम रोज का परिवार इन दिनों हरियाणा के सिरसा जिले के कुम्हारिया गांव में रह रहा है। यह परिवार भोपा जाति से ताल्लुक रखता है। अपने बेटे अनिल कुमार की शादी का आयोजन इसी गांव में रखा गया। शादी के दौरान एक रस्म होती है भात की रस्म। यह रस्म खास तौर पर लड़की की मां की तरफ से यानी ननिहाल से निभाई जाती है। परंतु इस परिवार में लीलू राम की पत्नी रोशनी देवी का



- जान-पहचान के लोगों को तिलक लगाकर भात भरने का न्योता दिया
- राजस्थान के खचवाना से लगभग 20 से ज्यादा लोग शादी में शामिल होने पहुंचे

**चोपटा।** शादी में भात की रस्म निभाते हुए। फोटो : हरिभूमि

न तो कोई सगा भाई है, न कोई मामा-नाना जिस कारण वह भावुक और चिंतित थी कि उसकी बेटी की शादी में यह रस्म अधूरी रह जाएगी।

इस बहन ने हार नहीं मानी। उसने उन गांवों में जहां-जहां वह पहले रह चुकी थी, वहां के कुछ जान-पहचान के लोगों को तिलक निकाल कर भात भरने का न्योता दिया। उसने अपने विश्वास और प्रेम से उन्हें भाई माना और कहा आप मेरे बच्चों के मामा बनकर आइए, और भात की रस्म निभाइए।

तीन अलग-अलग गांवों से आए लोग न केवल इस शादी में शामिल हुए, बल्कि पूरे रीति-रिवाज और सामाजिक मर्यादा के साथ भात भरने की रस्म भी निभाई। लेकिन जो भात सबसे ज्यादा चर्चा में रहा, वो था – राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की भादरा तहसील के खचवाना गांव से आया भात लालचंद महायच और प्रेम बरोड़ ने इस बहन के लिए जिस तरह से भात भरा, उसने पूरे क्षेत्र में एक मिसाल कायम की। खचवाना से लगभग 20 से ज्यादा लोग इस शादी में शामिल होने पहुंचे। सभी ने पारंपरिक तरीके से भात की रस्म निभाई और बहन के परिवार को पूरा मान-सम्मान दिया।

# अब 1200 मतदाताओं के लिए स्थापित होगा एक मतदान केंद्र, बूथों की संख्या 708 से बढ़कर 796 होगी : गुप्ता

## सीटीएम गौरव गुप्ता ने की प्री-रिविजन गतिविधियों के तहत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते सीटीएम गौरव गुप्ता।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश गौरव गुप्ता की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केन्द्रों के रेशनालाइजेशन, बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने तथा मतदाता सूची से संबंधित अन्य विषयों पर विचार विमर्श करने हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को अवगत करवाया कि भारत निर्वाचन आयोग की नवीनतम हिदायतों अनुसार 1200 मतदाताओं के लिए एक मतदान केन्द्र स्थापित होगा। जिला में 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केन्द्रों का रेशनालाइजेशन करते नये मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे। जिसके बाद जिला में मतदान केंद्रों की संख्या 796 होगी। वर्तमान में जिला में 708 मतदान केंद्र है जिसमें टोहाना विधानसभा में 233, फतेहाबाद में 244 तथा रतिया में 231 मतदान केंद्र हैं। टोहाना विधानसभा में 1200 से अधिक मतदाता वाले बूथों की संख्या 46, फतेहाबाद में 57 व रतिया में 50 है। इस प्रकार टोहाना विधानसभा में 31 नये प्रस्तावित मतदान केंद्र, फतेहाबाद में 30 व रतिया में 27 मतदान केंद्र होंगे। परिवर्तन उपरांत टोहाना विधानसभा में मतदान केंद्रों की संख्या 264, फतेहाबाद में 274 व रतिया में 258 होगी। बैठक के दौरान सभी दलों को बीएलए-1 तथा बीएलए-2 नियुक्त करने के फार्म भी उपलब्ध करवाए गए। बैठक में चुनाव नायब तहसीलदार राज कुमार, उप निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग अमित पंवार, भारतीय जनता पार्टी से इंद्रसैन बत्तरा, आम आदमी पार्टी से जयविंद्र मैच्यू, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सीताराम, इंडियन नेशनल लोकदल से राजेश शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### जिले में 88 नए बूथ बनाए जाएंगे

उन्होंने बताया कि जिला में कुल 155 मतदान केन्द्रों पर मतदाता 1200 से अधिक है, जिस कारण 88 नये बूथ बनाये जाएंगे तथा अन्य का समायोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे मतदान केन्द्रों के संबंध के भवन में किसी कारण से बदलाव बारे कोई सुझाव है तो वे 2 दिन के अंदर-अंदर पूर्ण औचित्य सहित जिला निर्वाचन कार्यालय में भिजवा सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह भी अवगत करवाया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल अपने अध्यक्ष या सचिव या किसी अन्य पदाधिकारी के माध्यम से एक या अधिक जिला प्रतिनिधियों को

## डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करती जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो :हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर में स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने वेयरहाउस में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) तथा चुनाव संबंधी अन्य तकनीकी उपकरणों की भौतिक स्थिति और उनकी सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से ईवीएम की वर्तमान स्थिति, रख-रखाव एवं सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी ईवीएम मशीनों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं उचित तापमान में संग्रहित किया जाए, साथ ही मशीनों की समय-समय पर जांच की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वेयरहाउस में सुरक्षा गार्ड की तैनाती चौबीसों घंटे हो तथा गार्द रूम पूरी तरह सक्रिय रहे।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में लाइट व्यवस्था, हाजिरी रजिस्टर, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा संचालन तथा सुरक्षा से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप रहें। इस मौके पर नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव गुप्ता, चुनाव नायब तहसीलदार राज कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सेंधमारी का मुख्य आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने सेंधमारी की वारदात में शामिल एक आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि रोहित पुत्र बसंत सिंह निवासी कीर्तिनगर, सिरसा को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी अमित जैन पुत्र राजकुमार निवासी कीर्तिनगर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत में वांछित था। आरोपी ने अमित जैन के सेक्टर-20 हुडा स्थित मकान से चोरी कर ली गई थी। पुलिस द्वारा की गई जांच में आरोपी की संलिप्तता उजागर हुई, जिसे अब अदालत से आदेश प्राप्त कर प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अवैध कॉलोनी में जमीन खरीद को लेकर रहें सतर्क

**सिरसा।** जिला नगर योजनाकार विभाग शहरी क्षेत्रों में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्त है। विभाग द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि इन क्षेत्रों में कुछ कॉलोनियां बिना वैध लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी प्राप्त किए ही विकसित की जा रही हैं, जोकि पूरी तरह से अवैध हैं। जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझड़िया ने बताया कि डबवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खसरा नंबर 2072/2 (नई डबवाली, हदबस्त नंबर 277) और खसरा नंबर 695/1/2, 695/1/3, 696, 17//2/1, 2/2, 2/3, 9, 12 (डबवाली, हदबस्त नंबर 278) में अवैध रूप से कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार ऐलनाबाद शहरी क्षेत्र के अंतर्गत खसरा नंबर 40//16/4, 17/2, 18/2 (हदबस्त नंबर 118) में भी बिना अनुमति निर्माण हो रहा है।

### कांग्रेस पंचायती राज संगठन की हुई बैठक

**टोहाना।** राजीव गांधी पंचायती राज की जिला फतेहाबाद कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष फोम लाल ने विशेष रूप से भाग लिया। संगठन के प्रदेश सचिव रमेश डांगरा ने सभी का स्वागत किया जबकि मंच संचालन राजबीर ने किया। रमेश ने बताया कि बैठक जमालपुर रोड स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में हुई जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष व फतेहाबाद जोनल प्रभारी सज्जन कुमार गेबीपुर, राष्ट्रीय संयोजक राजेश श्योकंद, जींद प्रभारी जितेंद्र व सोशल एक्टिविस्ट्स युद्धवीर सिंह, नरेश पहलवान भाग लिया। रमेश डांगरा ने कहा कि कांग्रेस भले ही दस साल से सत्ता में नहीं है लेकिन उनका संगठन गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी वर्ग की लड़ाई मजबूती से लड़ रहा।

### कौशल भारत अभियान मिलेगा निः शुल्क प्रशिक्षण

**सिरसा।** कौशल भारत अभियान के अंतर्गत केंद्रीय पेट्रोकेमिकल अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट), मुरथल सोनीपत द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए एक विशेष आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग के 200 बेरोजगार युवक-युवतियों को ध्यान में रखते हुए संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्णतः निशुल्क होगा, जिसमें छात्रावास, किताबें, नोटबुक, स्टेशनरी, ड्रेस एवं जूते भी बिना किसी शुल्क के प्रदान किए जाएंगे। जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छह माह (960 घंटे) की अवधि का होगा।

## सीडीएलयू के कुलपति ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट



**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। नियुक्ति के बाद सीएम के साथ नवनियुक्त कुलपति की यह पहली औपचारिक मुलाकात थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय को न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होना चाहिए, बल्कि शोध और विस्तार गतिविधियों में भी नए कीर्तिमान स्थापित करने चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त कुलपति के नेतृत्व में सीडीएलयू इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करेगा। सीएम और वीसी की इस मुलाकात के दौरान, विश्वविद्यालय के विकास और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कुलपति को उद्योग जगत की मांग के अनुरूप नवीन पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय में शुरू करने के निर्देश दिए।

## युवा विकास सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे

- दिव्या युवा मंच के बैनर के तले आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ऐलनाबाद

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था दिव्या युवा मंच के तत्वावधान में ऐलनाबाद में आगामी 4 जुलाई से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए दिव्या युवा मंच के संस्थापक व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुभाष चौहान ने बताया कि अंतरिक्ष के एकमात्र ग्रह केवल पृथ्वी पर ही जीवन संभव है। लेकिन जिस प्रकार से हमारी पृथ्वी पर पर्यावरण असंतुलन बढ़ता जा रहा है, उससे आगामी 10-20 साल बाद यही पृथ्वी प्राणियों के रहने लायक नही रहेगी और यहां का जीवन संकट में पड़ जाएगा। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पृथ्वी पर जीवन को बचाने व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कुछ सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किये गए है जिनकी प्राप्ति के लिए दुनियाभर में समाजसेवी लोग दिन रात निःस्वार्थ भाव से लगे हुए है। इस कार्यक्रम में 7 देशों के समाजसेवी ऐलनाबाद की धरा पर जुटेंगे और चार दिनों तक इन सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत के 18 विभिन्न राज्यों के अलावा जॉर्जिया, अफगानिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, लाइबेरिया, नाइजीरिया सहित अन्य कई जगहों से युवा जानकारी देंगे।

### वैश्विक समस्याओं पर करेंगे मंथन

*चौहान ने बताया कि इस गंभीर वैश्विक समस्या पर चिंतन मंथन से अलावा सभी डेलिगेट्स यहां के एक गांव का दौरा कर हरियाणा की ग्रामीण संस्कृति को भी जानेंगे। वहीं एक शिक्षण संस्थान का दौरा कर वहां योगाभ्यास के बाद पौधारोपण करेंगे। सभी डेलिगेट्स ऐलनाबाद व आसपास के क्षेत्र में चल रहे सेवा कार्यों को भी देखने जाएंगे। चौहान ने सभी लोगो से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना यथासंभव सहयोग देने की अपील की है ताकि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश, प्रदेश और शहर का नाम रोशन हो सके। आपको बता दे कि दिव्या युवा मंच के बैनर तले ऐलनाबाद में यह चौथा अंतरराष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।*

## प्रजापति समाज की बैठक में कई मुद्दों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- जिले सिंह जाखड़ को माटी कला बोर्ड का चेयरमैन बनाने की मांग



फतेहाबाद। बैठक में अतिथियों का स्वागत करते प्रजापति समाज के लोग।

प्रजापति समाज ने प्रदेश सरकार से खाली पड़े माटी कला बोर्ड का चेयरमैन फतेहाबाद जिले से बनाए जाने की मांग की है। समाज ने इसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा को पत्र लिखकर जिले के प्रमुख समाजसेवी जिले सिंह जाखड़ को चेयरमैन बनाए जाने का सुझाव दिया है। प्रजापति समाज की बैठक आज समाज के युवा नेता मुकेश प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। भूना में हुई इस बैठक में समाज के लोगों ने मुकेश प्रजापति का स्वागत किया। बैठक में समाज की अनेक मांगों को लेकर चर्चा की गई और इसको लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुकेश प्रजापति ने कहा कि हरियाणा में माटी कला बोर्ड के चेयरमैन का पद खाली है। ऐसे में समाज द्वारा प्रदेश सरकार से मांग की जाती है कि इस बार फतेहाबाद जिले से बोर्ड का चेयरमैन बनाया जाए। इसको लेकर समाज ने जिले के प्रमुख समाज सेवी जिले सिंह जाखड़, गांव सिंथला का नाम आगे किया है। मुकेश प्रजापति ने कहा कि जिले सिंह जाखड़ समाज के वरिष्ठ नेता है और लोगों के सुख-दुःख के साथी रहते हैं। समाज के लोग एकजुट होकर पूरी तरह उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अगर जिले सिंह जाखड़ को माटी कला बोर्ड का चेयरमैन बनाती है तो पूरा समाज प्रदेश सरकार का आभारी रहेगा। बैठक में मौजूद लोगों ने एक स्वर में मुकेश प्रजापति द्वारा उठाई गई मांग का समर्थन किया। बैठक में निहाल सिंह बुरावड, रामचन्द्र भूना, रामकिशन भूना, सुरेश वर्मा, भीम सिंह प्रजापति डूल्ट, राजकुमार फौजी पूर्व सरपंच कुलां, जगबीर नंबरदार ढाणी सांचला, मांगेराम टाक ढाणी सांचला, राजबीर पंच ढाणी सांचला, भागचंद किरोड़ीवाल, कृष्ण प्रजापति, रण सिंह दुरान व अन्य मौजूद रहे।

## चोरी की नीयत से ढाणी में घुसे तीसरे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



गांव काजलहेड़ी स्थित खेत में बनी एक ढाणी में चोरी की नीयत से घुसे तीसरे युवक को भी फतेहाबाद पुलिस ने काबू कर लिया है। काबू आरोपी की पहचान अमित उर्फ मोटा पुत्र रामनिवास निवासी जोधकां, जिला सिरसा के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों ओमप्रकाश पुत्र सूबे सिंह तथा बंटी पुत्र बिलार सिंह को काबू कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि 25 अप्रैल को गांव काजलहेड़ी निवासी सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह कुम्हारिया रोड स्थित अपने खेत में बनी ढाणी में रहता है। घटना वाली रात अचानक कुछ आवाजें सुनकर उसकी नींद खुली। नीचे झांकने पर उसने देखा कि तूड़ी वाले कमरे की ओर से एक युवक भागता हुआ आ रहा है, जबकि 2-3 अन्य युवक मुख्य गेट की ओर भागते नजर आए। शोर मचाने पर दो-तीन युवक मोटरसाइकिल पर फरार हो गए, जबकि एक युवक को परिवार के सदस्यों ने मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। जांच अधिकारी द्वारा की गई गहन जांच और एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अब तीसरे आरोपी को भी काबू कर लिया है।

## अब मंडल स्तर पर भी खोले जाएंगे भाजपा के कार्यालय : फणींद्रनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पौधारोपण करते भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा।

भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा मंगलवार को बीजेपी जिला कार्यालय में पहुंचे। यहां पहुंचने पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने अपनी टीम के साथ उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने बीजेपी कार्यालय के प्रांगण में पौधा रोपण किया तथा सभी को अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत बीजेपी कार्यालय में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, पूर्व विधायक दूड़ाराम, चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, पूर्व जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा भी उपस्थित रहे। प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने संगठन द्वारा हाल ही में हुए कार्यों की समीक्षा ली तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार अब मंडल स्तर पर भी भाजपा के कार्यालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्र निर्माण का अखण्ड संकल्प है। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भाजपा हाई कमान की ओर से मिलने वाले हर निर्देश व जिम्मेदारी को फतेहाबाद जिले के सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व उत्साह के साथ पूरा करते हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर सरकार की योजना को घर घर तक पहुंचाने का काम करते हैं और संगठन को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करते है। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक जाखड़, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, शहरी मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, संदीप भोडिया सहित अन्य मौजूद रहे।

## फैक्ट्री में कई दिनों से नजर आ रहा था सांप, टीम ने किया सफल रेस्क्यू



**रतिया।** क्षेत्र में बड़ी नहर के पास सरदूलगढ़ बाईपास पर स्थित एक नैपकिन फैक्ट्री में कर्मचारियों को पिछले कई दिनों से सांप दिखाई दे रहा था, जिससे वहां काम करने वाले कर्मचारी भय और असमंजस की स्थिति में थे। इस स्थिति को देखते हुए फैक्ट्री प्रबंधन ने टोहाना के सर्प विशेषज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता नवजोत सिंह ढिल्लों से संपर्क किया। जैसे ही सूचना नवजोत सिंह ढिल्लों को मिली, वह अपनी सहारा रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फैक्ट्री में रखे गए भारी सामान को हटाकर करीब एक घंटे की सतर्कता और मेहनत के बाद उन्होंने सांप को ढूंढ निकाला। रेस्क्यू टीम ने पूरी सावधानी के साथ सांप को पकडक़र सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया। नवजोत सिंह ढिल्लों ने बताया कि पकड़ा गया सांप इंडियन सैंड बोआ प्रजाति का है, जो विषहीन होता है और इसके काटने से किसी प्रकार की हानि नहीं होती।

### लायंस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप बंसल बने जोन चेयरमैन

**रतिया।** जनपद 321-ए 3 के गवर्नर विशाल बढेरा ने लॉयंस क्लब रतिया सिटी के मौजूदा अध्यक्ष प्रदीप बंसल को आगामी वर्ष के लिए जोन चेयरमैन नामित किया है। सचिव गोपालचंद कुलरियां ने बताया कि वर्ष 2024 -25 में प्रदीप बंसल की अध्यक्षता में 500 से ज्यादा समाज सेवा के विभिन्न प्रोजेक्टों पर कार्य किया गया जिसमें आंखों के कैंप, डेंटल केयर कैंप, शुगर जांच कैंप, हेल्थ जांच कैंप, छात्रों को स्टेशनरी वितरण, गौ सेवा,योगा कैंप लगाकर समाज के विभिन्न जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

**अभियान** डीएसपी नरसिंह, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने कई जगह दौरा कर प्रोत्साहित किया

## पुलिस ने खिलाड़ियों को नशे व साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। हांसपुर में खिलाड़ियों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

फतेहाबाद जिले में नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु फतेहाबाद पुलिस द्वारा निरंतर बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नशा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रतिया क्षेत्र में डीएसपी नरसिंह, सिटी थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश तथा हंसपुर चौकी प्रभारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। एएसआई सुंदर मुसाफिर के मार्गदर्शन में जाखल स्थित पब्लिक लाइब्रेरी में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें ई-शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान जाखल के वार्ड नंबर 2, 5, 6 एवं 14 के पार्षदों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक विशेष गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी में संबंधित वार्डों में ड्रग एडिक्शन की स्थिति की समीक्षा की गई तथा यह निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में घर-घर सर्वे कर नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की जाएगी और उन्हें चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से आमजन को नशा उन्मूलन में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। इन प्रयासों के तहत पुलिस टीमों द्वारा आमजन के सहयोग से 5 नशा पीड़ितों की पहचान की गई, जिन्हें काउंसलिंग के बाद होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।